# National Sports Day celebrated at CUH

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 31-08-2024**

## राष्ट्रीय खेल दिवसः विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**महेंद्रगढ़ (हप्र) :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजन में अर्जुन पुरस्कार विजेता और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता असन कुमार सांगवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय कुलपति ने विद्यार्थियों को, खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.जेपी भूकर ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभाग द्वारा रस्साकशी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, तीन किलोमीटर की दौड़ सहित कई मनोरंजक खेलों एवं रोमांचक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, कर्मचारियों, शिक्षण एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों सहित उनके परिवारजनों से भी सक्रिय भागीदारी की।

दैनिक ट्रिब्यून

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 31-08-2024**

# हकेवि के राजनीतिक विज्ञान विभाग में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित



प्रो. सुषमा यादव का स्मृति चिह्न भेंट करते विभाग के शिक्षक।




प्रो. सुषमा यादव का स्मृति चिह्न भेंट करते विभाग के शिक्षक।

**नीरज कौशिक**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के राजनीतिक विज्ञान विभाग के तत्वाधान में नवआगंतुक विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से राजनीतिक विज्ञान विभाग को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित ही इस तरह के कार्यक्रम विभाग के विद्यार्थियों के मध्य एक सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।

साथ ही यह समग्रता में विभाग को नई ऊंचाइयों को पाने में मददगार साबित होगा। विभिन्न प्रांतो के विद्यार्थियों की उपस्थिति इस विश्वविद्यालय परिसर को एक मिनी भारत बनाती है और विश्वविद्यालय इस सांस्कृतिक बहुलता में भी एकता को स्थापित करने के लिए कटिबध है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय की सम-कुलपति प्रोफेसर सुषमा यादव ने विद्यार्थियों को उनके कर्त्तव्य, अधिकार एवं विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं व सेवाओं से अवगत कराया।

उन्होंने लक्ष्य प्राप्त करने दिशा एवं रणनीति, उनको स्थापित करने के संदर्भ में भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रो. सुषमा यादव ने मानव जीवन के विभिन्न आयामों में ज्ञान के साथ-साथ व्यवहार के महत्त्व से भी अवगत कराया।

उन्होंने दीक्षारंभ का अर्थ स्पष्ट करते हुए विभाग के नेतृत्वकताओं से इस कार्यक्रम को और भी बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यवहारिक जीवन में शिष्टाचार और सह-शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपका ज्ञान आपके व्यक्तित्व में झलकना चाहिए, और जब भय समाप्त होता है, तभी ज्ञान की प्राप्ति होती है। प्रो. यादव ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ जीवन के विभिन्न अनुभवों को भी महत्वपूर्ण बताया। विद्यार्थियों के बीच संवाद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने यह कहा कि विद्यार्थी समूह में एवं शिक्षकों के साथ बातचीत करें, डिबेट करें जिससे कि ज्ञान और मूल्यों का प्रवाह बना रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभिषेक शर्मा ने किया तथा सुश्री किरण ने विभाग की उपलब्धियां एवं सुविधाओं को प्रतिभागियों के साथ साझा किया।

कार्यक्रम के अंत में राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राजीव कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 31-08-2024**

# रस्साकशी में पुस्तकालय विज्ञान विभाग अव्वल

## कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने खेलों को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजन में अर्जुन पुरस्कार विजेता और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता असन कुमार सांगवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय कुलपति ने आयोजन के लिए विभाग को बधाई और खेलों को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। योग खिलाड़ियों ने मल्लखंब का प्रदर्शन किया।

विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं

### अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता असन कुमार सांगवान रहे मुख्य अतिथि

खेल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जेपी भूकर ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के पर विभाग द्वारा रस्साकशी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, तीन किलोमीटर की दौड़ सहित कई मनोरंजक खेलों एवं रोमांचक कार्यक्रमों का आयोजन किया। वॉलीबाल और फुटबॉल प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग की टीम विजेता रही। वहीं लड़कों की श्रेणी में रस्साकशी प्रतियोगिता में पुस्तकालय विज्ञान विभाग की टीम तथा लड़कियों की श्रेणी में मनोविज्ञान विभाग की टीम ने बाजी मारी।



राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतिभा का प्रदर्शन करते प्रतिभागी। स्रोत : हकेंवि

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 31-08-2024**

## हकेंवि में खेल... वॉलीबॉल और फुटबॉल में शारीरिक शिक्षा व खेल विभाग की टीम जीती



भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। अर्जुन पुरस्कार विजेता और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता असन कुमार सांगवान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जे.पी. भूकर ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभाग द्वारा रस्साकसी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, तीन किलोमीटर की दौड़ सहित कई मनोरंजक खेलों एवं रोमांचक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, कर्मचारियों, शिक्षण एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों सहित उनके परिवारजनों से भी सक्रिय भागीदारी की। इनमें वॉलीबॉल और फुटबॉल प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग की टीम विजयी रही। वहीं विद्यार्थियों की पुरुष श्रेणी में रस्साकसी प्रतियोगिता में पुस्तकालय विज्ञान विभाग की टीम तथा छात्राओं की श्रेणी में मनोविज्ञान विभाग की टीम ने बाजी मारी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited ‘A’ Grade University

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 31-08-2024**

# ‘खेलों को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा’

- प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग की टीम विजयी रही
- राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में कई खेलों के आयोजन किए गए

संवाद सहयोगी, जागरण ● महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजन में अर्जुन पुरस्कार विजेता और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता असन कुमार सांगवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार

कुलपति ने आयोजन के लिए विभाग को बधाई देते हुए कहा कि खेलों को हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जेपी भूकर ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विभाग द्वारा रस्साकसी, वालीबाल, फुटबाल, तीन किलोमीटर की दौड़ सहित कई मनोरंजक खेलों एवं रोमांचक कार्यक्रमों का आयोजन किया। समारोह में विद्यार्थियों, कर्मचारियों, शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित उनके स्वजन ने भी सक्रिय भागीदारी की। इनमें वालीबाल और फुटबाल प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग की टीम विजयी रही। वहीं लड़कों की श्रेणी में रस्साकसी प्रतियोगिता में पुस्तकालय विज्ञान विभाग की टीम तथा लड़कियों की श्रेणी में मनोविज्ञान विभाग की टीम ने बाजी मारी।



हकेवि में आयोजित प्रतियोगिता में प्रस्तुति देते विद्यार्थी ● सौ. प्रवक्ता

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 31-08-2024**

# खेल दिवस पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

महेंद्रगढ़, 30 अगस्त (ब्यूरो): हरियाणा केंद्रीय विवि. में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजन में अर्जुन पुरस्कार विजेता और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता श्री असन कुमार सांगवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की।

कुलपति ने इस आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षा एवम खेल विभाग को सहयोगियों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों को, खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जे.पी. भूकर ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभाग द्वारा रस्साकशी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, तीन किलोमीटर की दौड़ सहित कई मनोरंजक खेलों एवं रोमांचक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, कर्मचारियों, शिक्षण एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों सहित उनके परिवारजनों से भी सक्रिय भागीदारी की। इनमें वॉलीबॉल और फुटबॉल प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग की टीम विजयी रही। वहीं पुरुष श्रेणी में रस्साकशी प्रतियोगिता में पुस्तकालय विज्ञान विभाग की टीम तथा छात्राओं की श्रेणी में मनोविज्ञान विभाग की टीम ने बाजी मारी।

नवोदय टाइम्स Sat, 31 Au
https://ep